प्रेस विज्ञप्ति

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिवाली उत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने दीप प्रज्वलित कर सभी के लिए शुभ एवं सुरक्षित दीपावली की कामना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें दीप, ग्रीटिंग कार्ड, एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन भी सम्मिलित था। साथ ही साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने श्री राम के चरित्र को मंच पर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के पश्चात विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें नृत्य, गायन, नाटिका (स्वच्छ भारत अभियान) का मंचन भी किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर मिस मनीका ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य जी ने सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षक गणों को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए उपहार एवं मिष्ठान वितरित किए। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।